भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA
महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरु मार्ग,
पुराना मिन्टो रोड, जाकिर हुसैन कॉलेज के पास,
नई दिल्ली-110002

सत्यमेव जयते

TRAI

सं0 1-18/2015-प्र0 एवं का0 **दिनांक :24 सितम्बर,2015**

सेवा में,

केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम, सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय।

विषयः- **भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा),मुख्यालय, नई दिल्ली में सहायक, वेतनमान पीबी-2, 9300-34800 रुपये + ग्रेड वेतन 4200 रुपये के पदों को अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर प्रतिनियुक्ति से भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करना।**

कृपया भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा), नई दिल्ली के दिनांक 24 अगस्त, 2015 के समसंख्यक परिपत्र को संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा भादूविपप्रा, मुख्यालय, नई दिल्ली में **सहायक (पीबी-2, 9300-34800 रुपये + ग्रेड वेतन 4200 रुपये**) के पदों को आरंभ में दो वर्ष के लिए अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर प्रतिनियुक्ति से भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। योग्यता एवं अनुभव इत्यादि का विवरण निम्न प्रकार हैः-

पद का नाम	वेतनमान	योग्यता/ पात्रता
सहायक	पीबी-2, 9300-34800 रुपये + ग्रेड वेतन 4200 रुपये, सरकारी नियमों के अनुसार साथ में भत्ते जैसे कि महँगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता आदि।	केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम तथा सांविधिक एवं स्वायत्त निकायों के पदधारकः- i) जो समकक्ष पद पर है या ii) पीबी-1, 5200-20200 रुपये+ ग्रेड वेतन 1900 के वेतनमान में दस वर्षो की सेवा की हो, साथ में कंप्यूटर के कार्य साधक ज्ञान हो।

4. सभी केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों, सांविधिक एवं स्वायत्त निकायों से अनुरोध है कि ऐसे पात्र उम्मीदवारों, जिनकी सेवाओं को चयन होने की स्थिति में तत्काल प्रभाव से भादूविप्रा को उपलब्ध कराई जा सकती है, की विगत पांच वर्षो की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर/एसीआर) की सत्यापित प्रतियों और सतर्कता/अनुशासनात्मक दृष्टि से मुक्त प्रमाण पत्र के साथ आवेदन पत्र (*भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है*) भेजने की कृपा करें। आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर आवेदित षद का उल्लेख करते हुए, आवेदन पत्र **वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्रशासन एवं कार्मिक), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन, जे0 एल0 नेहरू मार्ग (पुराना मिंटो रोड), जाकिर हुसैन कॉलेज के समीप, नई दिल्ली-11002 को भेजा जाए। आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख अब 26.10.2015 तक बढ़ा दी गई है।**

भवदीय

(एस0 एन0 तिवारी),
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र0एवंका0)
दूरभाष संख्याः 011-23664213
फैक्स संख्याः 23233017

सूचना के लिए आंतरिक वितरणः

1. सचिव के व0प्र0नि0सचिव,भादूविप्रा।
2. तकनीकी अधिकारी(आईटी)- कृपया परिपत्र को भादूविप्रा की वेबसाइट में अपलोड करने की कृपा करें।